उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज।

पत्रांक : शि0से0आयोग / 1428 / 2026–27 दिनांक 09-07-2026

शुद्धिपत्र / विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ०प्र० शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा (विज्ञापन संख्या– 51) सहायक आचार्य बी०एड० के 107 पदों का विज्ञापन दिनांक 28 अप्रैल, 2026 को प्रकाशित किया गया था जिसमें विज्ञापन संख्या–51 (पूर्व विज्ञापन) की अन्तिम तिथि 31.08.2022 तक उ०प्र० शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, लखनऊ के कार्यालय आदेश दिनांक 12 फरवरी, 2026 द्वारा एन०सी०टी०ई० रेगुलेशन 2014 के अनुसार निर्धारित अर्हता धारित करने वाले अभ्यर्थियों से ही आवेदन–पत्र आमंत्रित किये गये थे।

मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा विशेष अपील संख्या–773 / 2026 सचिव, उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग बनाम रोशन कुमार पाण्डेय में आदेश पारित करते हुए रिट याचिका संख्या–7526 / 2026 रोशन कुमार पाण्डेय व 29 अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक 25.05.2026 के क्रम में कार्यवाही करने के आदेश पारित किये गये हैं। उक्त रिट याचिका संख्या–7526 / 2026 में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा निम्नवत आदेश पारित किये गये हैं :–

"-----19. At this stage, Court also takes note that by an order dated 09.12.2022 even a direction was passed that application fees may be returned to affected applicants. Therefore, it is not necessary that all candidates who have applied in the year 2022 would definitely apply in fresh recruitment process. Otherwise also, presently there are only 30 candidates before this Court. Therefore, in order to have a fair competition, cut off date would only be the date of fresh Advertisement, i.e., 28.04.2026 and any candidate who got eligible by said date would be allowed to participate in SPLA No. 773 of 2026 2 recruitment process.

20. Accordingly, it is directed that a 'Corrigendum' be issued so that not only petitioners but any other eligible candidates, if want to apply, can apply."

मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के उपरोक्त निर्णयादेश दिनांक 25.05.2026 के अनुपालन में आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या–51 सहायक आचार्य बी0एड0 के 107 पदों हेतु दिनांक 28.04.2026 को प्रकाशित विज्ञापन के अनुक्रम में ऐसे सभी पात्र अभ्यर्थियों से जो उक्त विज्ञापन में वर्णित अर्हताएं दिनांक 28.04.2026 तक धारित करते हों, वे दिनांक 10.07.2026 से दिनांक 20.07.2026 तक पोर्टल URL-https://bed.upessc.org पर आवेदन कर सकते हैं। उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात अग्रेतर कोई तिथि विस्तारित नहीं की जायेगी व कोई भी आवेदन / प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं होंगे।

उपसचिव